तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

14 प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार का भावपूर्ण वर्णन



12 जागरूकता कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों की सराहनीय...







# नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों का हो रहा रेबीज रोधी टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ डॉग वाहन का प्रयोग कर आवारा कुत्तों को पकड़ा गया

नगर पालिका द्वारा इस कार्य में संलग्न कर्मचारियों के साथ पशु चिकित्सा विभाग की टीम टीकाकरण के कार्य में जुटी हुई है रेबीज रोधी टीकाकरण में लगभग 30 आवारा कुत्ते को पकड़कर टीका करण किया गया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा नगर में किये जा रहे टीकाकरण के कार्य में संलग्न कर्मचारियों को सावधानी बरतते हुए उक्त कार्य किए जाने निर्देशित किया गया।

नगर पालिका द्वारा इस हेतु डॉग वाहन भी उपलब्ध कराया गया है स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप की उपस्थिति में नगर पालिका के कर्मचारियों व पशु चिकित्सा विभाग की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से टीका करण का कार्य किया जा रहा है नगर पालिका क्षेत्र में आवारा घूम रहे कुत्ते को चिन्हांकित कर जाली नुमा कैचर में पकड़कर टीकाकरण का कार्य निरंतर किए जाने की जानकारी दी गई है, इस हेतु निर्धारित डॉग वाहन वार्ड में भ्रमण कर कार्यवाही करें इसके लिए निर्देशित भी किया गया है।

## टीकाकरण के साथ आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थल भी चिन्हांकित






### आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थान का निर्धारण

इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय भारत शासन के दिये गए निर्देशानुसार सुवा मोटो रिट-पिटिशन के अनुरूप नगर में घूमने वाले आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थान भी चिन्हांकित किया गया है, जिसमे नगरपालिका के समस्त 21 वार्डो में स्थान चयन किया गया है। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस बाबत कहा कि नगर में आवारा कुत्तों के भूखे रहने से वे बच्चो व नागरिकगणो पर हमला करके आक्रामक व्यवहार में होते है, नगर वासियों की सुरक्षा आवश्यक है इसके लिए जो भी शासन का निर्देश होगा उसके अनुरूप पालन किये जाने कहा गया है, भूख से कुत्ते आक्रामक होते है यदि उन्हें खाने को भोजन मिलेगा तो डॉग बाइट की घटनाएं कम होगी व नागरिक भी सुरक्षित रहेंगे इसलिए उनके लिए भी खाने पीने की व्यवस्था होना आवश्यक है, जिसके लिए नगर पालिका प्रयास कर रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने नागरिकों से यह भी अपील की गई है कि घर का बासी बचा भोजन वे इस चयनित स्थान पर ला कर डाल सकतें है, जिससे कुत्तों को भोजन मिल सकेगा, इसलिये कुत्तों के लिए निर्धारित स्थलों पर खानपान की सामग्री डालें जो वे खा सकतें है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित



बलौदाबाजार। अधिवर्षिता उपरांत सेवा निवृत्त हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को शाल - श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) की कॉपी भी सौंपी। कलेक्टर श्री सोनी ने विभाग के माध्यम से आमजनों की सेवा के लिये सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए दीर्घायु एवं स्वास्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा उपस्थित थीं। माह नवम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए ▸▸ शेष पेज 11 पर

## साइबर अपराध रोकने और बैंक से तुरंत जानकारी प्राप्त करने पर जोर दिया

# साइबर क्राइम रोकथाम व सुरक्षा को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में जिले में स्थित समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक 1 दिसंबर को दोपहर 2 बजे ली गई। बैठक का मुख्य मुद्दा अपराधों की रोकथाम एवं साइबर क्राइम से जुड़े हुए आवश्यक मुद्दे रहे। इस दौरान पुलिस-बैंक प्रबंधन के मध्य आपसी समन्वय एवं बैंक में जानकारी आदि प्राप्त करने में आ रही तकनीकी एवं व्यवहारिक दिक्कतों को दूर करने हेतु यह समन्वय बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा कहा गया कि किसी भी साइबर क्राइम की रोकथाम एवं साइबर अपराधी को पकड़ने में बैंक प्रबंधन का महत्वपूर्ण स्थान होता है। किसी भी प्रकरण में बैंक प्रबंधन से जानकारी विलंब से प्राप्त होने या नहीं मिलने से पीड़ित को न्याय नहीं मिल पाता, इसलिए पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित मांगी जाने वाली जानकारी अविलंब प्रदान करें।



### बैंक सुरक्षा के लिए सतत मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

बैठक में बैंक सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा आदि की सतत मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने समस्त बैंक प्रबंधकों को बैंक में आने वाले ग्राहकों एवं आमजनों की सुविधा के लिए पर्याप्त यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था की सुनिश्चित करने हेतु तथा बैंक आने वाले लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु हिदायत दिया गया। इस दौरान बैठक में जिले के समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक, ग्रामीण सहकारी बैंक आदि के बैंक प्रबंधक एवं बैंक अधिकारी शामिल हुए।

### अकाउंट खोलते समय बरतें सावधानी

इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति का अकाउंट खोलते समय पूरी सावधानी बरते। आवेदक का संपूर्ण कागजात प्राप्त करें, उसकी प्रारंभिक जांच एवं सामान्य पूछताछ कर पूरी तरीके से संतुष्ट होने एवं समस्त वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के उपरांत ही उसका अकाउंट ओपन करें। इसके साथ ही ग्राहक को बैंक खाता नियमों की पूरी जानकारी दें तथा उन्हें खाता के म्यूल अकाउंट के रूप में प्रयोग होने पर अपराध के दायरे में भी आने के संबंध में समुचित जानकारी प्रदान करें। श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा होल्ड राशि प्रकरणों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया कि माननीय न्यायालय का आदेश होने के उपरांत भी कई बैंक प्रबंधकों द्वारा होल्ड राशि पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह एक प्रकार से माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना है, इसलिए होल्ड राशि प्रकरणों पर प्राथमिकता के तहत कार्यवाही किया जाए।

# धान खरीदी केंद्र दूड़ग में पेयजल सुविधा ठप



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

समीप प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दुरुग मे शासन के आदेश के अनुसार किसानों के धान खरीदी के कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। लेकिन वहा धान बिक्री करने जा रहे किसानों एवं उपस्थित ऑफिस कर्मचारियों के लिए पानी पीने के लिए हैण्ड पम्प के व्यवस्था नहीं होने के कारण सभी पानी के तलाश मे दर दर की ठोकर खा रहे है। राहुल प्रबंधक ने चर्चा के दौरान बताया कि यहाँ जल मिशन योजना के तहत पाइप कनेक्शन दिया गया है। लेकिन बार-बार पाइप फट जाने के कारण पेयजल के विकराल समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा) अनुभाग कार्यालय बिलाईगढ़, तहसीलदार तहसील सरसीवां, सरपंच ग्राम पंचायत दुरुग को आवेदन दिया जा चुका है। अतः पेयजल व्यवस्था करने की मांग शासन प्रशासन से मांग की है।

# मन की बात में पीएम मोदी ने गिनाई भारत की उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 128 वाँ एपिसोड का प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में शक्ति केन्द्र पलारी के सभी बूथों में सुना देखा गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देशवासियों को छग के राजधानी रायपुर के आकाशवाणी केन्द्र से संबोधित किए,उन्होंने देश के विभिन्न उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि 26 नवम्बर संविधान दिवस पर सेंट्रल हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिसमे वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे हुए,25 नवम्बर को अयोध्या मंदिर में धर्म ध्वज का आरोहण हुआ,एवं कुरुक्षेत्र के ज्योतिषर में पाञ्चजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ, हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीड इंजिन एमआरओ का लोकार्पण हुआ, आईएनएस जहाज माही को नौसेना में शामिल किया गया, ये सारी उपलब्धियाँ पूरे देशवासियों के सहयोग से हमें प्राप्त हुई हैं, उन्होंने कहा आने वाले समय में भारत विकसित देशों में शामिल होने वाली है। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर क्षेत्र में युवाओं की विशेष योगदान रहा है, एवं साथ ही साथ मातृ शक्तियों ने देश को विभिन्न उपलब्धियां दिलाई और देश का मान बढ़ाया।

# जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करते ही पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

■ समाधान सेल की सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर जिलाबदर के एक आरोपी पवन यादव को गिरफ्तार किया जिला बदर का आदेश होने के उपरांत भी आरोपी नयापारा वार्ड भाटापारा में घूमते हुए पाया गया। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी पवन यादव को जिलाबदर किया गया है।

उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है। 30 नवंबर को सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी पवन यादव, नयापारा वार्ड में घूम रहा है शहर थाना की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी पवन यादव को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया।



### आरोपी ने स्वीकारा अपराध

पुलिस द्वारा जिलाबदर के आदेश होने के उपरांत भी भाटापारा शहर में घूमने संबंधी पूछताछ पर आरोपी द्वारा स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी नयापारा वार्ड शहर में घूमना स्वीकार किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 14, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## पराली जलाने पर सख्तीः पंचायत और राजस्व विभाग सक्रिय

# गांव में मुनादी : खेतों में आग न लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

■ पराली जलाने से मिट्टी की क्षमता और पर्यावरण दोनों को नुकसान

ग्राम पंचायत क्षेत्र में इन दिनों कृषि अवशेष यानी पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और राजस्व विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। जनप्रतिनिधियो ने गांव में मुनादी कराकर किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों में किसी भी प्रकार से पराली या फसल अवशेष में आग न लगाएं।

अधिकारियों का कहना है कि पराली जलाने से एक ओर मिट्टी की उर्वरक क्षमता नष्ट होती है, वहीं दूसरी ओर धुआं और प्रदूषण से वातावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। मुनादी के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि खेतों में आग लगाने से खेत की नमी कम हो जाती है और आगामी फसल की उत्पादन क्षमता भी प्रभावित होती है। साथ ही, अचानक लगी आग पड़ोसी किसानों के खेतों और संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे मामलों में राजस्व विभाग द्वारा आर्थिक दंड और कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है। इसलिए किसानों से आग्रह किया गया कि वे कृषि अवशेष के निपटान के लिए परंपरागत या वैज्ञानिक तरीकों जैसे अवशेषों को मिट्टी में मिलाना, खाद बनाना या मशीनरी का उपयोग करना अपनाएं।



### पराली जलाने पर होगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत ने यह भी स्पष्ट किया कि गांव में लगातार निगरानी की जाएगी और जिस किसी किसान द्वारा पराली जलाने की शिकायत प्राप्त होगी, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से पर्यावरण संरक्षण और मृदा संवर्धन में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह कदम गांव और किसानों के हित में है। मुनादी के बाद अधिकांश किसानों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

हरिभूमि




# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता-सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता-पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### राम मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में गीता जयंती पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान हिरेंद वैष्णव ने बताया कि गीता का महत्व भारतीय संस्कृति और धर्म के पावन पर्वों में गीता जयंती का विशेष स्थान है। हर साल मनाई जाने वाली यह जयंती, महाभारत के युद्धभूमि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया भगवद गीता का उपदेश स्मरण करती है। गीता जयंती का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में धर्म, कर्म और अध्यात्म के मार्ग को उजागर करना है। इस वर्ष, 2025 में गीता जयंती 1 दिसंबर को मनाई गई। देशभर के मंदिरों, आश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष आयोजन हुए। इस अवसर पर हीरेन्द वैष्णव, फुलेश्वरी चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, कामता चंद्राकर, लीना चंद्राकर, उमा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव 4 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक ग्राम लभराकला हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 दिसंबर को राजिम में आयोजित प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव में जिले से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यगण शामिल होंगे। वहीं जिले की आमसभा फरवरी में किया जाएगा। जिसमें जिला इकाई के नवीन निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष तोषण गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरी, मनोज गिरी, अर्जुन गिरी, संतोष गिरी, राजू गिरी, बबलू गोस्वामी, युवराज बन, शीतल गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी, डाली गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।



### योग भवन में गीता जयंती पर रोपे गए चंदन के पौधे

**महासमुंद।** गीता जयंती पर स्वामी शिवानंद योगभवन में डोंगरगढ़ से पहुंचे स्वामी विद्यानंद सरस्वती द्वारा चंदन के पौधे रोपे गए। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर स्वामी सरस्वती विद्यानंद ने कहा कि पौधे हमें आक्सीजन देते हैं, इसलिए पौधरोपण करना चाहिए। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष ने कहा कि प्रकृति की इस आक्सीजन की सुरक्षा की सभी की जवाबदारी हमारी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हुकुमचंद शर्मा, नुकेश चंद्राकर, परमानन्द, चोइथराम राजपाल, नंदू नंदवानी, तारेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर परमानंद चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर, सुखनंदन धीवर, लालदास मानिकपुरी मौजूद रहे।

### रेलवे साइडिंग–सीमेंट क्लिंकर क्षेत्र में भारी वाहनों का दबाव

# उद्योगों से करोड़ों की आमदनी, पर सड़क बदहाल, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





भाटापारा विधानसभा का अंतिम ग्राम रिंगनी जो कि बलौदा बाजार से हथबंद सिमगा होते हुए रायपुर जबलपुर बिलासपुर को जोड़ने वाला एक मात्र मुख्य मार्ग है यहां पर सीमेंट संयंत्र का क्लिंकर निर्माण करने वाला प्लांट स्थापित है तथा यही पर प्लांट का रेल्वे साइडिंग स्थापित है जहां पर प्लांट के लिए लाया गया कोयला एवं सीमेंट निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री का लोडिंग अनलोडिंग का कार्य किया जाता है।

इसी मार्ग पर मात्र पांच सौ मीटर की दूरी पर एपीएल अपोलो संयंत्र स्थापित है तथा तीन किलोमीटर की दूरी पर स्काई आयरन संयंत्र स्थापित है तथा तीन किलोमीटर की दूरी पर संभव आयरन एवं एक अन्य संयंत्र की स्थापना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। रेल्वे साइडिंग में तथा क्लिंकर निर्माण संयंत्र में के साथ ही अन्य सीमेंट संयंत्रों में आवागमन करने वाले सैकड़ों की संख्या में भरी वाहन तथा स्थानीय नागरिकों के दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों में निरंतर आवागमन होता है तथा दो पहिया एवं चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। अनेको बार शिकायतों के आधार पर उपरोक्त स्थल को काम चलाउ मरम्मत कर दिया जाता है। वर्षभर सड़क की गड्ढों युक्त दुर्दशा बनी रहती है इसके लिए दोषी कौन है। यह मार्ग बलौदाबाजार जिले के विधानसभा भाटापारा का हथबंद शक्ति केंद्र का प्रमुख ग्राम है वर्तमान में बलौदाबाजार के विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के जिला तथा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का तथा वर्तमान कांग्रेस विधायक इंद्र साव के क्षेत्र में आता है साथ ही जनपद पंचायत, तहसील मुख्यालय, अनुविभागीय मुख्यालय को जोड़ता है। सिमगा से लेकर हथबंद,सुहेला, रिसदा, बलौदा बाजार का प्रमुख मार्ग है तथा सीमेंट संयंत्रों से हजारों करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है इसके बावजूद पचास किलोमीटर की सड़क पूरी तरह से यातायात के योग्य नहीं है।

# नपाध्यक्ष ने नए बस स्टैंड निर्माण के लिए मांगा विधायक से सहयोग

**नए बस स्टैंड निर्माण व टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए बजट स्वीकृत कराने की मांग**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित भवन अनुज्ञा पत्र वितरण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शहर विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से चर्चा कर उनका सहयोग मांगा। साहू ने विधायक को बताया कि शहर की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए नए आधुनिक बस स्टैंड की जरूरत है। साथ ही टाउन हॉल की मरम्मत व सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है। इन दोनों कार्यों को कराने का प्रस्ताव परिषद की बैठक में भी लाया जा चुका है। साथ ही बस स्टैंड के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से बजट स्वीकृत करने की मांग की जा चुकी है। इस जनहित के कार्यों को तत्काल स्वीकृत कराए जाने की महती आवश्यकता है। साहू ने विधायक से अनुरोध किया कि नए बस स्टैंड की स्वीकृति व टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास कर तत्काल बजट पास कराकर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए पालिका भरपूर प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर समस्त सभापतियों, उपस्थित पार्षदगणों ने भी सहमति प्रदान करते हुए ज्ञापन में हस्ताक्षर किया। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि नए बस स्टैंड का निर्माण और नगर का विकास जनता का अधिकार है। यह पहल नगर के दीर्घकालिक विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### विधायक ने किया पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत स्वीकृति पत्र एवं अनुज्ञा पत्र का वितरण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नगर पालिका द्वारा सोमवार को स्थानीय टाऊन हॉल में अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हितग्राहियों को अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित सीएमओ अशोक सलामे, इंजीनियर हेमंत पिस्दा, आवास प्रभारी लोकरंजन साहू, दुर्गेश कुंजेकर, करण यादव, नौशाद बख्श, सीताराम चेलक, रिक्की महंती सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद अब साय सरकार का एक और जनविरोधी फरमानः राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार द्वारा प्रदेश में जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों में बेतहाशा 500 से 1000 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में प्रदेश के सभी जिलों में आम आदमी पार्टी विरोध प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि 5 डिसमिल (लगभग 2200 वर्गफीट) से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद साय सरकार द्वारा एक और जन विरोधी आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश में जमीनों की रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों में बेतहाशा 500 से 1000 प्रतिशत वृद्धि कर बीजेपी सरकार यह स्पष्ट कर रही है कि छत्तीसगढ़ सरकार पूंजीपतियों के हाथों बिक चुकी है। आम आदमी पार्टी बीजेपी सरकार से अनुरोध करती हैं, ऐसे जनविरोधी आदेश को तुरंत वापस ले अन्यथा आम आदमी पार्टी का हर एक कार्यकर्ता एवं प्रदेश की जनता सड़क पर उतरने को विवश हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी विरोध के साथ बढ़ी गाइडलाइन की दरों की वापसी की मांग को लेकर सरकार को जिलवार ज्ञापन देकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का 2 दिसंबर को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। झाबक ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो नई जमीन गाइडलाइन दरें घोषित की हैं



उसे सिर्फ बड़े जमीन के कारोबारियों के फायदे के लिए बनाया गया है। जमीन गाइडलाइन दर में 10 से 100 प्रतिशत की गयी, बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। सरकार अब खुले तौर पर प्रदेश की जनता के साथ व्यापार करने में जुट गई है। जबकि, एक चुनी हुई सरकार जनता के हित में योजना बनाती है, लेकिन इस सरकार द्वारा जो भी निर्णय लिए जा रहे है उनकी मंशा को देखे तो ऐसा लगता है कि ये सरकार अब खुलेआम व्यापार करने आई है। इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म होगा। गरीबों, किसानों, मध्यवर्गीय परिवार की जमीन खरीद कर मकान बनाने का सपना टूट जाएगा। किसान अपनी खेती जमीन न खरीद पायेगा और ना ही जरूरत आने पर जमीन बेंच पाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी गाइडलाइन दरों से मध्यम वर्ग और गरीब आदमी परेशान नजर आ रहा है और प्रदेश की आम जनता के लिए जब तक सरकार बढ़ी हुई गाइडलाइन दरें कम नहीं करती, तब तक हमारी पार्टी सड़क पर आंदोलन करती रहेगी।

### पॉलीटेक्निक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा संस्था परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य नगर पालिका परिषद के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की टीम द्वारा संचालित हुआ। शिविर में संस्थान के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों का ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। चिकित्सा दल में धर्मेंद्र भारद्वाज प्रोजेक्ट मैनेजर, डॉ. गंगेश्वर चरण दीवान चिकित्सक, तीरथ पटेल फार्मासिस्ट, मनीषा साहू स्टाफ नर्स, प्रमिला राणा लैब टेक्नीशियन एवं रामेश्वर प्रजापति ड्राइवर मौजूद रहे। कार्यक्रम के सहयोग के लिए कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं उमाशंकर यादव मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के बीच स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की आदत विकसित करना था। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शिविर के पंजीयन, व्यवस्थापन एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संस्थान को स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

# धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार गंभीर नहींः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों को धान बेचने से वंचित करने जैसी स्थिति बना रही है। न तो शासन गंभीर है और न ही भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किसानों की चिंता है। भाजपा सरकार को किसानों की समस्याएं दिखाई ही नहीं दे रही। हर धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन मात्र 10–15 किसान ही धान बेच पा रहे हैं। किसान लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधि समाधान के लिए शासन-प्रशासन को साधारण पत्राचार तक करना आवश्यक नहीं समझ रहे। एग्रोस्टेक पोर्टल के नाम पर किसानों का रकबा काटा जा रहा है, आनावरी रिपोर्ट के नाम पर फसल की पैदावार काटी जा रही है। बहुत बड़ी चुनौती किसानों के सामने है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बिजली की समस्या अलग है, जमीन के जो दाम बढ़े हैं उसकी लड़ाई अलग है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि अभी तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का घेराव हो गया है, अभी देखते जाइए भाजपा का कोई नेता गांवों में, शहरों में नहीं घुस पाएगा.भाजपा सरकार के पास धान खरीदी को लेकर कोई उचित व्यवस्था नहीं हैं। सुबह 8 बजे से किसान टोकन तुहर द्वार एप में में लगे रहते हैं जब एप खुलता है तो टोकन फुल हो जाता है। किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल रहा है। किसान टोकन के लिए सोसाइटी में भटक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ना टोकन कट रहा है ना धान बेच पा रहे। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने कोरोना महामारी की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सुचारू व्यवस्था के साथ हुआ था। वहीं आज भाजपा की लापरवाही से धान खरीदी पूरी तरह ठप है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने



बताया कि ऐप पर मात्र कुछ मिनट में ही टोकन कटना बंद हो जाता है। तकनीक न जानने के कारण बुजुर्ग, आदिवासी और सामान्य किसान टोकन कटवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। धान की कटाई पूरा करने के बाद भी बेच नहीं पा रहे डॉ रश्मि चंद्राकर बताया कि महासमुंद जिले के अधिकतर किसानों को न तो मोबाइल चलाना आता है और न ही टोकन कटाने की प्रक्रिया समझ में आती है। इसके कारण हजारों किसान धान की कटाई पूरा करने के बाद भी बेच नहीं पा रहे हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने ऑफलाइन टोकन व्यवस्था फिर से शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि यह जनहित का मुद्दा है। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो किसान धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। महासमुंद जिले के लगभग 90 प्रतिशत किसानों की धान कटाई पूरी हो चुकी है, लेकिन टोकन न मिलने से वे चिंतित और असहाय महसूस कर रहे हैं।

### आईटीआई में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**महासमुंद।** आईटीआई की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनएसएस के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को एड्स एवं एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिलेश्वरी ध्रुव ने अपने व्याख्यान में एचआईवी एड्स के शरीर में प्रवेश करने और विभिन्न माध्यमों से संक्रमण फैलने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिज का उपयोग, संक्रमित रक्त का चढ़ाव तथा गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान मां से शिशु तक यह संक्रमण फैल सकता है। विशिष्ट अतिथि एचएल वर्मा ने अपने संबोधन में एड्स पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक दृष्टिकोण रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि जागरूकता ही एड्स की रोकथाम का सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम में मंच संचालन स्वयं सेवक दुलेशवर पैकरा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण अधिकारी निशा सालोमन एवं प्रेमलता साहू द्वारा रेड रिबन का मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पूनाराम, पायल, सरिता, विनय, राज, सूरज एवं अन्य स्वयंसेवक बहुतायत की संख्या में उपस्थित रहे।

### जिले के 6 जरूरतमंदों के लिए 95 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 6 जरूरतमंदों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें चिकित्सकीय उपचार के लिए 4 लोगों के लिए 65 हजार रुपए एवं शिक्षा के लिए 2 लोगों के लिए 30 हजार रुपए के मान से कुल 95 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत चिकित्सा के लिए ग्राम रसोड़ा की काजल सोना, ग्राम बोंदानवापाली की काजल राणा, ग्राम लहंगर की मीना बाई देवदास एवं पिथौरा के ग्राम कोल्दा निवासी भुवन लाल के लिए तथा शिक्षा हेतु महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम गाड़ाघाट बोहंदी के केशव नायक एवं ग्राम लाफ्रनि खुर्द की रोशनी साहू के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं के दो फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म हाय पईसा 5 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ टीवी रिपोर्टर रेखराज दिखेंगे एडिशनल एसपी की भूमिका में

छत्तीसगढ़ी फिल्म "हाय पईसा" आगामी 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। निर्माता–निर्देशक तोरण राजपूत की इस फिल्म में मनोरंजन, रोमांच और कॉमेडी का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। फिल्म में सुपरस्टार मन कुरैशी और आकाश सोनी की सुपरहिट जोड़ी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएगी। वहीं संजय महानंद जहां



पुष्पा के दमदार किरदार में दर्शकों को प्रभावित करेंगे, तो दीवाना पटेल अपनी खास कॉमेडी शैली से दर्शकों को हंसाने तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के कई खूबसूरत लोकेशनों के साथ जिले के सिरपुर क्षेत्र के सुकुलबाय, तुमगांव थाना और तुमगांव चौक ओवरब्रिज सहित विभिन्न प्राकृतिक वादियों में की गई है, जो फिल्म को विजुअल रूप से और भी आकर्षक बनाती है। फिल्म में जिले के टीवी रिपोर्टर रेखराज साहू एडिशनल एसपी की महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

### एड्स जागरुकता एवं बच्चों से संबधित अपराध पर आधारित हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विश्व एड्स दिवस पर 01 दिसंबर को जिला न्यायालय के सभाकक्ष में रिवरडेल स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विधिक जागरुकता पर आधारित एड्स और साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि कार्यक्रम में रिवरडेल स्कूल से पहुंचे छात्र-छात्राओं के साथ जागरुकता रैली निकाली गई, जिसे प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में एड्स एवं साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गुप्तेश आचार्य ने एड्स एवं साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों और डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित छात्र-छात्रों के मध्य विधि विषयों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दी गई। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से उपस्थिति चिकित्सक व सह स्टाफ भी उपस्थित रहे।




# मगधा यादव समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

मगधा यादव समाज कोमाखान तहसील द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन बागबाहरा टाउन हॉल में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

समाज में विवाह योग्य युवक–युवतियों को एक मंच पर लाने और उचित वैवाहिक परिचय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में गरियाबंद जिला, नुआपाड़ा (ओडिशा), बसना, रायपुर, मंदिरहसौद, महासमुंद और छुरा क्षेत्र से आए कुल 32 युवक–युवतियों ने मंच पर अपना विस्तृत परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी शिक्षा, पारिवारिक पृष्ठभूमि, पेशा और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ समाज के समक्ष प्रस्तुत कीं। सम्मेलन का उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के वरिष्ठ समाजजनों ने कहा कि यादव समाज में




बढ़ती शिक्षा, सामाजिक चेतना और रोजगार के अवसरों के बीच विवाह योग्य युवाओं को सही परिवार व योग्य जीवनसाथी खोजने में सहूलियत देने के लिए ऐसे परिचय सम्मेलन समय की आवश्यकता हैं। समाज के इन पदाधिकारियों ने परिचय सत्र का मार्गदर्शन किया और प्रतिभागियों को वैवाहिक जीवन में समझ, सहयोग, संस्कार और सामाजिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरक विचार रखे। युवक–युवती परिचय सम्मेलन समाज के युवाओं को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इससे पारदर्शिता बढ़ती है, परिवारों के बीच संवाद स्थापित होता है और समाजिक एकता मजबूत होती है। समाज के वरिष्ठजनों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में इसे वार्षिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों और यादव समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के सफल आयोजन से समाज में हर्ष का वातावरण रहा और इसे एक ऐतिहासिक प्रथम कदम माना गया। कार्यक्रम में रामसिंह यादव, हरिशंकर यादव, राजेश कुमार यादव, मोहनदीप यादव, बरसाती यादव, नंद कुमार यादव, हरिकृष्ण यादव, जितेंद्र बांक, ठंडाराम यादव, कर यदु, राधेश्याम बगर्ती, श्याम यादव, दशरथ यादव, पीतांबर बगर्ती, मनोहर यादव, पूर्णचंद महाकुर, सेतकुमार थापा, लाल बहादुर यादव, मुरली यादव, नजाक सिंह यादव, दिलीप यादव, छबि यादव, देवा यादव, सुभाष हंस, तुलाराम यादव, संतोष यादव, राधा यादव, लक्ष्मी यादव आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अरंड हाईस्कूल में नए प्राचार्य ने संभाला कार्यभार

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय हाईस्कूल अरंड में स्थापना के बाद से पहली बार पूर्णकालिक प्राचार्य मिला है। हायर सेकेंडरी गोड़बहाल के वरिष्ठ व्याख्याता एनके तिवारी ने पदोन्नत होकर अरंड स्कूल में प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया। शाला प्रबंधन एव विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच कार्तिक राम पटेल, ग्राम प्रमुख शिवचरण ध्रुव, शिक्षक कौतुक पटेल ने प्राचार्य तिवारी से मुलाकात कर बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण की बात कहीं। इस अवसर पर व्यख्याता सोनसाय पटेल, देउक राम ध्रुव, टीकम पटेल, प्रदीप कर, नाथू राम साहू, गेंद राम विश्वकर्मा, कांतिलाल निर्मलकर, युवराज निर्मलकर आदि उपस्थित थे।

### सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र में लगा मेंटल हेल्थ कैंप



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 36 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ साईकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ कुणाल नायक बीएमओ, डॉ वर्षा सतपथी, शीतल सिंह बीपीएम, प्रदीप कुमार साहू आरएमए उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे द्वारा मानसिक रूप से ग्रस्त मरीजों को निदान किया गया।

### कोसरंगी में सिद्ध बाबा मेला 4 को

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में 4 दिसंबर गुरुवार को सिद्ध बाबा का मेला का आयोजन किया गया है, जो इस क्षेत्र का प्रथम मेला होता है। यह मेला सिद्ध बाबा को समर्पित है। इस मौके पर रात्रि में सांस्कृतिक प्रोग्राम आर्केस्टा एव विविध कार्यक्रम होंगे।

पेज 9 का शेष

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त ...

अधिकारी- कर्मचारियों में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सुखन राम नायक एवं राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से अलोक चंद्र शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से भूपेंद्र कुमार शर्मा एवं वनमण्डलधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार से झुनू राम यादव शामिल हैं। इन सभी अधिकारी - कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# आधुनिक पद्धति से धान मिसाई, किसानों को समय व लागत में बड़ी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में इस वर्ष किसानों ने पारंपरिक तरीके को छोड़कर आधुनिक पद्धति से थ्रेशर मशीन द्वारा धान मिसाई शुरू कर दी है। आधुनिक मशीनों के उपयोग से किसानों को जहां समय की बचत हो रही है, वहीं मजदूरों की कमी की समस्या से भी राहत मिल रही है। गाँव के प्रगतिशील किसान शोभित राम निषाद सहित अन्य किसानों ने बताया कि मजदूर नहीं मिलने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में थ्रेसर मशीन किसानों के लिए बड़ी मदद साबित हो रही है। इस मशीन से मात्र 2 घंटे में प्रति एकड़ धान की मिसाई हो जा रही है।

## थ्रेशर मशीन से धान मिसाई शुरू-टोकन की समस्या बनी सबसे बड़ी चुनौती



### टोकन समय सीमा बढ़ाई जाए: किसान

मजदूर दिनेश कुमार यादव, रामकुमार यादव, महेश कुमार यादव और थ्रेसर मालिक भुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि आधुनिक थ्रेसर मशीन से धान की मिसाई अधिक साफ-सुथरी और कम समय में हो जाती है, जिससे किसान को काफी लाभ मिलता है। किसानों ने शासन से विनम्र अपील की है कि टोकन समय सीमा बढ़ाई जाए, जिससे उनके धान की खरीदी समय पर हो सके।

इस वर्ष धान फसल में कीट प्रकोप, माहुर बीमारी और दुरशन के चलते उत्पादन में कमी आई है, जिससे किसान पहले से ही चिंतित हैं। दूसरी ओर धान मिसाई हो जाने के बाद भी किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है। शासन द्वारा शुरू किए गए तुम्हारा हाथ तुहर टोकन" ऐप में मात्र 5–10 मिनट की समय सीमा रहती है, जो सर्वर डाउन या अन्य तकनीकी कारणों से समाप्त हो जाती है। किसानों का कहना है कि समय सीमा कम होने के कारण वे अपने धान को सोसाइटी में तय समय पर विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने शासन से टोकन समय सीमा बढ़ाने की मांग की है, ताकि वे निर्धारित अवधि में अपना धान बेच सकें।

## स्वीकृत कॉलेज को सरसीवां में ही स्थापित करने की अपील

# 310 मरीजों का भिलाई के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा किया गया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



लवन निवासी स्वर्गीय रेशम लाल घिड़ले की स्मृति में निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन भिलाई के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 310 मरीजो का उपचार किया। 30 नवंबर दिन रविवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक सांस्कृतिक भवन लवन में आ यो जि त शिविर में 160 पुरुष मरीज एवं 150 महिला मरीज का निशुल्क उपचार किया गया सबसे ज्यादा मरीज शिशु हड्डी व पेट रोग से संबंधित रहे।

■ लवन में स्वर्गीय रेशम लाल घिड़ले की स्मृति में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

आयोजक श्यामंता घिडले ने बताया कि डॉ जीवनलाल घिड़ले पेट एवं लिवर रोग डॉक्टर अखिलधर बनर्जी छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गिरीश उमरेडकर नाक, कान और स्त्री गला विशेषज्ञ, डॉक्टर अरुण निकोंसे, बीपी, शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मशीह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अनेक डॉक्टर उपस्थित होकर मरीजो का निशुल्क उपचार किया साथ ही आवश्यक दवाई भी निशुल्क प्रदान किया गया । निशुल्क शिविर आयोजन का यह दूसरा वर्ष है पिछले वर्ष 475 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया था। और विशेष चौहान के अंत में डॉक्टर जीवन घिडले ने सेक्टर 9 भिलाई से उपस्थित सभी चिकित्सकों का अपनी मां श्यामंता घिडले के हाथो से उपहार भेट किये। शिविर में पंजीयन के लिए सुरेश कोसले, धर्मेंद्र अनंत, बनवारी बार्वे, भारत मन्हरे, द्वारिका घिडले का सहयोग सराहनी रहा वहीं बीपी एवं वजन बुखार के लिए श्वेता पांडे, अमन सोनवानी, भावना सिस्टर, सुरेंद्र, नरेंद्र डहरिया, शुगर चेक हेतु जितेंद्र चौहान आज के शिविर में दवाई वितरण के लिए धनराज, योगीराज, ममता सिस्टर, डॉक्टर तुलसी यादव दंत रोग विशेषज्ञ का सहयोग सराहनी रहा । इसी तरह शिविर में लवन नगर के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, पार्षद येशु दास निराला, हरप्रसाद बार्वे, भावेश तिवारी नागरिक मनोज पांडे, पंकज अग्रवाल, देवीलाल बार्वे, डंकु कातरे, बिहारी बार्वे, विश्वजीत बार्वे, वीरेंद्र सोनवानी, नरेंद्र डहरिया, छविराम टंडन का प्रमुख सहयोग रहा।

# प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार का भावपूर्ण वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आज चतुर्थ दिवस की कथा में ब्राह्मण श्रेष्ठ, संस्कृत ध्वजाधारी, डाक्टर दादू भाई त्रिपाठी ने महाराज व्यास देव के आसंदी से प्रह्लाद की कथा प्रसंग में हिरण्याक्ष वध में भगवान वराह का प्राकट्य और हिरण्यकश्यप के वध हेतु नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान् विष्णु में प्रह्लाद की अचल निष्ठा ही उसको विपरीत परिस्थितियों में भी सन्मार्ग की ओर प्रेरित किया और असुर होते हुए भी प्रह्लाद आसूरी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त किया।

■ चतुर्थ दिवस की कथा में जीवंत झांकियों ने मोहा मन

द्वीजवर्य गोविन्द माधव पाण्डेय के निर्देशन में आज की कथाओं से सम्बंधित जीवंत झांकी प्रस्तुत किया गया। जिसमें नरसिंह, वामन और कृष्ण वासुदेव की झांकी मनोरम था। रामावतार के संपूर्ण वंश का वर्णन करते हुए व्यास ने कहा कि, राम का अवतार तो समाज में मर्यादा के निरूपण हेतु हुआ। ये दिन तो बड़े सौभाग्य का दिन रहा क्योंकी कथा व्यास के पूज्य गुरुदेव आध्यात्म केन्द्र अयोध्या पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य, (सुग्रीव किला अयोध्या, गुरुचरण सेवा धाम वृन्दावन उ प्र), जगद्गुरु स्वामी राजारामाचार्य (जबलपुर) जगद्गुरु द्वय का प्रत्यक्ष आशीर्वाद प्राप्ति से आत्म विभोर जनता जनार्दन नृत्य करने लगे।

# पुलिस में सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया गया सम्मानित



**बलौदाबाजार।** पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त उप निरीक्षक श्री सुखेन राम नायक एवं सहायक उप निरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी का विदाई कार्यक्रम का आयोजन 1 दिसंबर को किया गया। सुखेन राम नायक पुलिस विभाग मे 4 अक्टूबर 1986 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 13 दिसंबर 2018 को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला रायपुर, धमतरी के कई थानों में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अभी वर्तमान में थाना कसडोल में पदस्थ होकर कार्यरत थे। सुखेन राम नायक 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए हैं।

राजेंद्र कुमार त्रिपाठी पुलिस विभाग मे 19 नवंबर 1985 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 19 अक्टूबर 2024 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना सुहेला, कसडोल, भाटापारा शहर, पलारी आदि थानों तथा अभी वर्तमान में भाटापारा ग्रामीण में पदस्थ होकर कार्यरत थे। राजेंद्र कुमार त्रिपाठी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त उप निरीक्षक सुखेन राम नायक एवं सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी के उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा किया गया तथा इन्हे शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया।

### ये रहे उपस्थित

विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, उषा सोंधिया उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षण प्रणाली वैद्य, निरीक्षक (एम) शैलेंद्र प्रजापति, उप निरीक्षक (एम) पवन बंदे, चंद्रिका साहू, सउनि (एम) मनीष चौबे, सुषमा कौशिक, अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# सरकारी कॉलेज भवन निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां



आज नगर पंचायत सरसीवां एवं क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार को नगर में शासकीय महाविद्यालय की भवन निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के नेतृत्व कर्ता रेशम कुर्रे ने बताया कि 2020-21 में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरसीवा अंचल के लिए शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

जिसे लेकर अधिसूचना, बजट प्रावधान एवं भवन निर्माण हेतु भूमि चिह्नांकन भी सरसीवा नगर पंचायत से किया गया है किंतु वर्तमान में कुछ स्वार्थी तत्वों के द्वारा निजी महाविद्यालय संचालक के दबाव में इसे सुदूरवर्ती ग्राम धोबनी में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव चल रहा है जिसका पूरे अंचल वासियों ने कड़ा विरोध जताते हुए सरसीवां नगर में भवन निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है अन्यथा आगामी 8 दिसम्बर को धरना प्रदर्शन करने का ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व पार्षद रमेश कुर्रे, भाजपा नेता दुर्गेश केशरवानी, कांग्रेस नेता पंकज चंद्रा, छोटेलाल, गोलू खान, सुनील शर्मा, श्यामु पाण्डेय, पूर्व नगर अध्यक्ष कार्तिकेश्वर यादव, सरसीवां के पूर्व सरपंच बबला केशरवानी, बद्री भारती, रमेश वारे, रतन लहरे, संतोष यादव, सत्येंद्र निराला आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शासन से की गई थी कॉलेज की मांग: अंचलवासी

अंचल वासियों का कहना कि सरसीवां के लोगों ने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए शासन से कॉलेज की मांग की थी। शासन से सरसीवां नगर में कॉलेज भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसे कुछ षड्यंत्रकारी स्वार्थ लोग जो निजी महाविद्यालय का संचालन कर रहे हैं इनके द्वारा सरसीवां में शासकीय कॉलेज की स्थापना नहीं चाहते और वे धोबनी ग्राम में कॉलेज को स्थानांतरित करना चाहते हैं जिसे अनुचित बताया। अंचल के लोगों ने सरसीवा में स्वीकृत शासकीय महाविद्यालय को सरसीवा में ही स्थापित करने की मांग की है अन्य ग्रामों में कॉलेज स्थानांतरण के प्रस्ताव को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

## कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा

**बलौदाबाजार ।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने धान के रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान पर निगरानी रखने के लिये राइस मिल के साथ ही पोहा मिलों का भी स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि सभी मंडी में धान क्रय - विक्रय से सम्बधित अनुबंध पत्र व सौदा पत्रक नियमानुसार संधारित करें। किसानों से आधार कार्ड की छायाप्रति भी जमा कराएं। उन्होंने किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों से अतिरिक्त रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराएं। अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये उड़ानदस्ता दल एवं चेक पोस्ट से प्रतिदिन की कार्यवाही की जानकारी लेने के निर्देश दिये। बताया गया कि खाद्य विभाग एवं मण्डी सचिव द्वारा अब तक 51 प्रकरणों में 1529 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है वहीं 2070 किसानों का लगभग 35 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।



# जनहित मुद्दों पर अधिकारियों के साथ दो घंटे की चर्चा, समस्याओं का त्वरित समाधान तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक के नेतृत्व में कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ताओं के द्वारा सोनाखान क्षेत्र के जनहित मुद्दों को लेकर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यक्रम में काला झंडा दिखाने एवं विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए एस डी एम दुबे, एसडीओपी के के वासनिक, जनपद कसडोल सीईओ, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, रेंजर मुकेश कश्यप, तहसीलदार युवराज कुर्रे, तहसीलदार सोनाखान, जे ई चांदन सूर्यवंशी, थाना प्रभारी सोनाखान एवं तमाम अधिकारी गण के साथ बैठक संपन्न हुई।

जिसमें मुख्य रूप से बया से राजादेवरी होते हुए सोनाखान पहुंच मार्ग, बार नवापारा क्षेत्र के समस्त वन मार्गों की मरम्मत, सालिहा से बिलारी होते हुए थरगांव बिजेमाल सांकरा पहुंच मार्ग, कुरू पाठ तक सीढ़ी निर्माण, विद्युत बिल बढ़ोतरी पर रोक, वन पट्टा, राजस्व पट्टा एवं रकबा संशोधन शीघ्र, जिला सहकारी बैंक की स्थापना, सालिहा थाना से राजा देवरी थाना में सम्मिलित करना, गिधौरी मुख्य चौक की मरम्मत बाघमाड़ा में सोना खनन पर रोक आदि प्रमुख मांगों को लेकर बैठक हुई है, जिसमें अधिकाश मांग को पूर्ण करने पर सार्थक चर्चा हुई है। सोनाखान रेस्ट हाउस में दो घंटे की बैठक में एसडीएम दुबे ने समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर, क्षेत्र के जनहित समस्त मांग को तत्काल चालू करने की निर्देश दिया, साथ ही साथ प्रमुख प्रमुख लोगों को कलेक्टर से मिलवाने की बात रखी है।

**ये हुए शामिल:** सोनाखान के इस बैठक में तमाम अधिकारियों के साथ कांग्रेस परिवार से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, इतवारी साहू, गजेंद्र पटेल, मुरलीधर मिश्रा, जान मोहम्मद खान, सुखलाल निषाद, धनीराम नाग, गोपी साहू, हेमलाल पटेल, देव लाल साहू, अमृत लाल आदि लोग शामिल हुए।

## तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री टंकराम वर्मा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# 4 को सुहेला में होगी सीएम साय की भव्य जनसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



आगामी 4 दिसंबर को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साहू सुहेला पहुंचेंगे, जहां दुर्गा पंडाल परिसर में विशाल जनसभा का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने रविवार को प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा सुहेला के दुर्गा मैदान पहुंचे और पूरे स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

मंत्री वर्मा ने लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसभा में आने वाले प्रत्येक ग्रामीण और कार्यकर्ता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच व्यवस्था, पेयजल, यातायात संचालन, पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधन व बैठने की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। थाना प्रभारी सहित पुलिस अमले को सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। मंत्री वर्मा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री उस दिन जिले को विभिन्न सौगातें देंगे। कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा, जो जिले के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।" उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह जनसभा प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की विकास रूपरेखा को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।

### ये रहे उपस्थित

भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष दौलतपाल, नगर पंचायत बलौदाबाजार के नगर पालिकाध्यक्ष अशोक जैन, विजय केसरवानी, करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बाघमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण जन उपस्थित थे। जनसभा की तैयारियों में तेजी लाई जा रही है और उम्मीद है कि 4 दिसंबर को सुहेला क्षेत्र भारी जनसमूह और उत्साह के माहौल से गुलजार रहेगा।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
28 नवम्बर 2025
SHOW TIME
तेरे इश्क में
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
गैंग्स ऑफ रायपुर (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मस्ती 4
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### दशरमा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**रिसदा।** बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दशरमा में समग्र शिक्षा मद से दो नए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हो रहा है जिसका लगत 16.14 लाख रुपए है। अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का सोमवार के दिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों उपस्थित में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, उपसरपंच शाला अध्यक्ष राजकुमार सोनवानी, पंचगण शिवदयाल यदु, रूपलाल साहू, मनु घृतलहरे, शीतल घृतलहरे, शिवशिंग पैकरा, रूपेश्वर ध्रुव, राजा घृतलहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एक्सीडेंट में पिता-पुत्री घायल

**महासमुंद।** ग्राम धुमाभांठा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस को मोहन चौहान निवासी भैंसाखुरी ने बताया कि उसकी पुत्री खीरबाई चौहान रायपुर में रहती है। 28 नवंबर को रायपुर से घर आ रही थी,जिसे लेने वह अपनी बाइक सीजी 06 जीएल 9611 से बसना लेने आया था। मेरी आंखे कमजोर होने के कारण बसना से वापस घर जाते समय बाइक को उसकी पुत्री खीरबाई चला रही थी और वह पीछे बैठा हुआ थ । ग्राम धुमाभांठा बनु बाबू के घर के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दोनों को चोट आई। पुत्री को गंभीर चोंट लगने से रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकके विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।

### जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सतत रूप से जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवम्बर 2025 से प्रारंभ है। इसी क्रम में जिले के चारों विधानसभा सरायपाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 एवं महासमुंद-42 में कुल 1083 बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो अब तक 84.64 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी बीएलओ को एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## निधन

### सुनील कांत बिश्नोई



**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार के प्रतिष्ठित दवा व्यवसाय सुनील कांत बिश्नोई (70) का सोमवार शाम 5 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण असमयिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र सोनल एवं सोनाली पुत्री व पत्नी को छोड़कर चले गए। चंद्रकांत बिश्नोई (चिड्डू भैया) बड़े भाई, सुधीरकांत बिश्नोई (पप्पू भैया) एवं नलीन कांत बिश्नोई छोटे भाई थे।

## विश्व एड्स दिवस : नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिया प्रभावशाली संदेश

# जागरूकता कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों की सराहनीय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर के अवसर पर जिला चिकित्सालय में एड्स अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लाइफ केयर कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला अस्पताल के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा जन-जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। एड्स के रोकथाम और बचाव के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों ने प्रभावशाली व संवेदनशील नाट्य प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहा गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला अस्पताल के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. कल्याण कुरुवंशी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी जनहित के ऐसे अभियानों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में आलोक दुबे एवं प्रीति कौशिक की गरिमामय उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

**सामाजिक जागरूकता जारी रखने पर दिया बल :** संध्या घृतलहरे ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक जागरूकता के इस कार्य को निरंतर जारी रखने पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में गीतांजली उपाध्याय एवं पिंकी गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में संस्था की संचालक शकुन डहरिया ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## छात्रों और शिक्षकों ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का दिया संदेश

**खरोरा ।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया और एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है और हमें इसके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाएं और लोगों को इसके प्रति सचेत करें।

**विश्व एड्स दिवस पर स्कूल की पहल:** स्कूल ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। स्कूल ने छात्रों को एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर और बैनर बनाने का भी आयोजन किया।




इस अवसर में प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, अल्का मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, प्रिया संघवी, अनिल कुमार कुर्रे, अरविंद नायक, कल्याणी साहू, नीलम वर्मा, निकिता वर्मा, यतिराम कन्नौजे, यश अमलानी, कविता देवांगन एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पोस्टर और बैनर लेकर निकाला मार्च

रैली में छात्रों ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने वाले पोस्टर और बैनर लेकर मार्च किया। उन्होंने लोगों को एड्स के प्रति सचेत रहने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक रजनी त्रिपाठी एवं रीतारानी वर्मा ने भी छात्रों को एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया और उन्हें इसके प्रति सचेत रहने की सलाह दी।

## एनएसएस ने निकाली जागरूकता रैली



**बगबुडा ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (ख) बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विश्व एड्स दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर एवं डाईंग सीट चित्र बनाकर गांव में एड्स के प्रति जागरूकता अभियान रैली निकाली गई रैली का संचालन संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर, शिक्षक अनुशवर यादव, कैलाश साहू, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, पेमेशवरी नेताम, अखिलेश धृतलहरे, परमानंद राजे, आंनद गोस्वामी स्वयंम सेवक नंदनी धीवर, यमुना धीवर, लेखा धीवर,सोनम बंजारे कुल 46 स्वयंसेवकों ने डाईंग सीट पर चित्र बनाकर रैली में एड्स के प्रति जागरूकता, नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया संस्था के प्रभारी प्राचार्य ने एड्स एच आई वी पॉजिटिव एक गंभीर बीमारी एवं फैलने वाली बीमारी है । इस अंचल के पलायन दूसरे राज्यों में जाते हैं यहां के लोगो को एड्स के प्रति सचेत रहने कि जरुरत है थोड़ी सी लापरवाही परिवार तबाह कर सकती हैं इसके बचाव के लिए स्वयंम सेवकों ने प्रचार प्रसार किया।

## रिसदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रिसदा।** शाउमावि रिसदा में राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब, स्काउट एवं रेडक्रॉस के समन्वय से विश्व एड्स दिवस मनाया गया। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा एड्स-आधारित आकर्षक रंगोली व पोस्टर बनाये गए। भाषण की प्रतियोगिता आयोजित की गई। एड्स-प्रतीकात्मक मानव-श्रृंखला बनाकर,गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रमेश नेगी ने एड्स-दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए एड्स रोग के कारण एवं निवारण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। शिक्षकगणों ने युवाओं को स्वस्थ एवं समृद्ध भारत निर्माण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किये। आज के एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ट शिक्षक दीपचंद बंजारे, इंद्रकुमार कोसले, भावेश सेन, नंद कुमार मल्होत्रा, रमेश नेगी, परस साहू, सनत कुमार खरे, भारती ऊके, अर्चना वर्मा, प्रीति जलहरे, विद्या साव, सहित विद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






## पूर्व छात्र राकेश ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. मा. विद्यालय खरोरा के पूर्व छात्र राकेश देवांगन पिता दुकालूराम देवांगन ने छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा में 112 स्थान बनाकर उप आबकारी अधिकारी के पद को प्राप्त किया। इस उपलब्धि के अवसर पर स. शि. म. उच्च. मा. विद्यालय खरोरा द्वारा उनको विद्यालय में आमंत्रित कर प्रार्थना स्थल पर प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने श्रीफल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर राकेश देवांगन का सम्मान किया। ज्ञात हो की राकेश देवांगन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त किया है।  देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा की सभी को अपना लक्ष्य रखकर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। परिणाम जो भी आये अपने परिश्रम में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। निश्चित ही देर सबेर ही सही पर आप लक्ष्य को प्राप्त करोगे ही। प्राचार्य ने उपस्थित होने के देवांगन जी का आभार व्यक्त कर शुभकामनायें प्रदान किया।

## दलहन फसल को बढावा देने मसूर मिनिकिट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित ग्राम पंचायत अर्जुनी में नवा तालाब स्थित महतारी सदन के पास 30 नवम्बर को कृषि विभाग द्वारा मसूर मिनिकिट का वितरण किसानो को किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरीश चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दलहन क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से मसूर मिनिकिट दिया जा रहा है।

मसूर मिनिकिट वितरण में कृषि सभापति शीतला घनश्याम वर्मा, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु प्रसाद साहू ,पंच कन्हैया कटारे एवं कृषक रामकुमार वर्मा, संतोष वर्मा, मुकेश वर्मा एवं अन्य किसान उपस्थित थे।



## एसआईआर के लिये अब तक 89 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में गणना पत्रक संकलन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य जारी है। अब तक 89.12 प्रतिशत गणना पत्रक का संकलन एवं डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल 949277 मतदाता हैं जिसमें से अब तक 946551 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किया जा चुका हैं तथा 845994 गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन किया गया है। इसमें कसडोल विधानसभा अंतर्गत 34620 गणना पत्रक, बलौदाबाजार विधानसभा के 266338 गणना पत्रकार और भाटापारा विधानसभा के 233454 गणना पत्रक शामिल हैं।

एसआईआर कार्यक्रम के लिये जिले के करीब ढाई हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर- घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य, 9 दिसम्बर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्ति की अवधि, 9 दिसम्बर से 31जनवरी 2026 तक नोटिस चरण एवं 7 फ़रवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होग़ा।

## भरसेली उपार्जन केंद्र में समय पर तौल और बेहतर सुविधा

# किसान कुमार वर्मा ने बेचा 293 कट्टा धान सरकारी पारदर्शी खरीदी व्यवस्था से किसान संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- धान विक्रय की राशि से बेटे की शादी की तैयारी

जिले के ग्राम मुढ़ीपार के किसान कुमार वर्मा ने उपार्जन केंद्र भरसेली में अपने 293 कट्टा धान की बिक्री की। धान खरीदी में पारदर्शिता व केन्द्र में बेहतर सुविधा से खुश किसान वर्मा धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग अपने लड़के की शादी में करेंगे।



किसान वर्मा ने बताया कि 6 एकड़ खेत में धान की खेती करते हैं और इस वर्ष उन्हें ऑनलाइन टोकन की सुविधा मिली, जिसे उन्होंने मोबाइल के माध्यम से ही काटा लिया। वर्तमान में साय सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। वर्मा जी ने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपने लड़के की शादी में करेंगे।

### उपार्जन केंद्र की सुविधाएं लाभदायक

केंद्र की व्यवस्था से संतुष्ट किसान कुमार वर्मा ने कहा कि भरसेली उपार्जन केंद्र में समय पर बारदाना मिल रहा है, तौल की प्रक्रिया भी समय पर और एकदम पारदर्शी तरीके से हो रही है। किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र में समाधान पेटी भी लगाई गई है, जिसमें किसान अपने सुझाव या समस्याएं लिखकर दे सकते हैं। सरकारी प्रबंधों और सुव्यवस्थित खरीदी प्रक्रिया से प्रभावित होकर वर्मा जी ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार की किसान हितैषी पहल से खेतिहर परिवारों को वास्तविक लाभ मिल रहा है और खेती-किसानी और मजबूत हो रही है।

